समाचार

# 16 जून को वार्ड क्र. 03, 12, 23, 36, 42, 50, 56, 63 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 15 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 16 जून बुधवार को वार्ड क्र. 03, 12, 23, 36, 42, 50, 56, 63 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 जून बुधवार को वार्ड क्र. 03 राताखार दुर्गा पण्डाल के पास, वार्ड क्र. 12 सामुदायिक भवन अमरैयापारा, वार्ड क्र. 23 कृष्णानगर सामुदायिक भवन के पास, वार्ड क्र. 36 परसाभांठा स्कूल के पास सामुदायिक भवन मितानिन कविता राठौर के घर के पास, वार्ड क्र. 42 स्कूल के सामने स्टेज रूमगरा, वार्ड क्र. 50 सांस्कृतिक मंच के सामने, वार्ड क्र. 56 पंखादफाई सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 63 भीमसेनिहा मंदिर सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।